# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2022

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2022

## (ANNUAL / वार्षिक)

# ECONOMICS

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश-

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में हो उत्तर दें।

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पुर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है- खण्ड 'अ' एवं खण्ड- 'ब'

6. खण्ड 'अ' में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिए । अंक निर्धारित है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन कम्प्यूटर द्वारा किया जाएगा। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड-ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। इनके अतिरिक्त, इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

BiharboardQuestionpaper.com

## SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. निम्नांकित में से कौन स्फीति किसी अर्थव्यवस्था के लिए सर्वथा उपयुक्त होती है ?

(a) सरपट या अतिस्फीति

(b) रेंगती स्फीति

(c) चलती स्फीति

(d) दौड़ती स्फीति

2. निम्न में कौन कारण आधारित स्फीति नहीं है ?

(a) माँग जनित स्फीर्ति

(b) लागत स्फीति

(c) अवमूल्यन प्रेरित स्फीति

(d) रेंगती स्फीति

3. 'स्फीतिक अंतराल' की अवधारणा किनकी देन है ?

(a) डी. एच. राबर्टसन

(b) जी. एन. हाम

(c) जे. एम. कीन्स

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

4. मुद्रास्फीति अन्यायपूर्ण और मुद्रा संकुचन अनुपयुक्त, किन्तु इन दोनों में शायद मुद्रा संकुचन अधिक बुरा है।" यह कथन किनका है?

(a) एल. आर. क्लेन

(b) जे. एम. कीन्स

(c) ए. एच. हैन्सन

(d) इनमें से कोई नहीं

5. निम्न में कौन-सा व्यावसायिक बैंक का कार्य नहीं है ?

(a) जमा स्वीकार करना

(b) साख सृजन करना

(c) पत्र मुद्रा निर्गत करना

(d) ग्राहकों को ऋण प्रदान करना।

6. किस देश में व्यावसायिक बैंकों की इकाई बैंकिंग प्रणाली अधिक प्रचलित है ?

(a) भारत

(b) ग्रेट ब्रिटेन

(c) संयुक्त राज्य अमेरिका

(d) इनमें से सभी

7. बैंक द्वारा साख सृजन का प्रमुख आधार क्या है

(a) व्युत्पन्न जमा

(b) नकद कोष

(c) अधिविकर्ष

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

8. किस दिन 14 बड़े निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया ?

(a) 19 जुलाई, 1968

(b) 19 जुलाई, 1969

(c) 19 जुलाई, 1975

(d) 19 जुलाई, 1980

9. 15 अप्रैल, 1980 को कुल कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया ?

(a) 20

(b) 6

(c) 8

(d) 10

10. निम्नलिखित कार्यों में कौन-सा कार्य केन्द्रीय बैंक द्वारा नहीं किया जाता है

(a) नोटों का निर्गमन

(b) साख नियंत्रण

(c) आम जनता से जमा स्वीकार करना

(d) सरकार का बैंकर

11. सरकारी बजट में प्राथमिक घाटा शून्य होगा जब

(a) राजकोषीय घाटा शून्य होगा

(b) राजस्व घाटा शून्य होगा

(c) राजकोषीय घाटा ब्याज भुगतान के बराबर होगा

(d) निवल ब्याज भुगतान शून्य होंगे

BiharboardQuestionpaper.com

12. निम्नलिखित में से कौन गैर कर राजस्व है ?

(a) जीएसटी

(b) उपहार कर

(c) लाभांश

(d) सीमा शुल्क

13. सरकार द्वारा लाभांश, ब्याज इत्यादि के रूप में संग्रहित प्राप्तियाँ किस रूप में जानी जाती है ?

(a) कर राजस्व

(b) गैर-कर राजस्व

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

14. जब सरकार राजस्व से अधिक व्यय कर देती है तो कहलाता है

(a) अतिरेक बजट

(b) घाटे का बजट

(c) संतुलित बजट

(d) इनमें से सभी

15. विकासशील देशों में प्राय: निम्नलिखित में से किस प्रकार के बजट को प्राथमिकता दी जाती है ?-

(a) संतुलित बजट

(b) अतिरेक बजट

(c) घाटे का बजट

(d) इनमें से कोई

BiharboardQuestionpaper.com

16. निम्नलिखित में से कौन पूँजीगत बजट से संबंधित है ?

(a) राजस्व प्राप्तियाँ + राजस्व व्यय

(b) राजस्व प्राप्तियाँ + पूँजीगत प्राप्तियाँ

(c) राजस्व व्यय + पूँजीगत व्यय

(d) पूँजीगत प्राप्तियाँ + पूँजीगत व्यय

17. आयकर प्रत्यक्ष कर कहलाता है क्योंकि यह प्रत्यक्ष रूप से......... से संग्रहित किया जाता है।

(a) उत्पादित वस्तुओं के उत्पादक से

(b) आय-अर्जक से

(c) क्रेताओं से

(d) विक्रेताओं से

18. निम्नलिखित में से किस कारण से उत्पादन संभावना वक्र की प्रकृति नतोदर होती है ?

(a) स्थिर अवसर लागत

(b) वर्द्धमान अवसर लागत

(c) ह्रासमान अवसर लागत

(d) ऋणात्मक अवसर लागत

19. बैंक का एजेंसी कार्य क्या है ?

(a) ऋण देना

(b) जमा स्वीकार करना

(c) लॉकर सुविधा देना

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

20. निम्नांकित में से कौन बजट में सम्मिलित होता है ?

(a) राजस्व घाटा

(b) प्राथमिक घाटा

(c) राजकोषीय घाटा

(d) इनमें से सभी

21. निम्नांकित में से कौन पूर्ति वस्तु है ?

(a) विक्रय हेतु उपलब्ध स्टॉक

(b) भण्डारण गृह का कुल स्टॉक

(c) विक्रय हेतु प्रति इकाई एक निश्चित मूल्य पर प्रस्तुत की गई वस्तु की मात्रा

(d) वस्तुओं का वास्तविक उत्पादन

22. 'माइक्रोस' (Micros) निम्नांकित में से किससे संबंधित है ?

(a) अरबी शब्द

(b) ग्रीक शब्द

(c) जर्मन शब्द

(d) अंग्रेजी शब्द

23. सूक्ष्म अर्थशास्त्र का अध्ययन क्षेत्र है

(a) मूल्य निर्धारण

(b) उत्पादन फलन

(c) वितरण तथा उत्पादन के साधनों के प्रयोग में कुशलता

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

24. उत्पादन संभावना वक्र की मदद से हम अर्थव्यवस्था की निम्नलिखित में से किस मूलभूत समस्या को सही व्याख्या कर सकते हैं ?

(a) तकनीकी प्रगति

(b) आर्थिक संवृद्धि

(c) आर्थिक कुशलता

(d) इनमें से सभी

25. अवसर लागत को निम्नांकित में से किस नाम से जाना जाता है ?

(a) वैकल्पिक लागत या हस्तांतरण लागत

(b) हस्तान्तरण आय मूल्य व विस्थापित लागत

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

26. "संतुलन वह स्थिति है जिसमें गति की शुद्ध प्रवृत्ति न हो।" यह किनका कथन है?

(a) हिक्स

(b) स्टिगलर

(c) चैम्बरलीन

(d) बोल्डिंग

27. समग्र का अध्ययन निम्न में से किससे संबंधित है?

(a) सूक्ष्म / व्यष्टि अर्थशास्त्र

(b) व्यापक / समष्टि अर्थशास्त्र

(c) कीमत सिद्धान्त

(d) संसाधन मूल्य निर्धारण

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

BiharboardQuestionpaper.com

28. महान मंदी किस वर्ष हुई ?

(a) 1929-30

(b) 1934-35

(c) 1938-39

(d) 1941-42

29. निम्नांकित में से कौन प्राथमिक क्षेत्र के अधीन आता है

(a) कृषि

(b) लघु उद्योग

(c) खुदरा व्यापार

(d) इनमें से सभी

30. निम्नलिखित में से कौन सेवा तृतीयक क्षेत्र से संबंधित है ?

(a) खनन

(b) निर्माण

(c) संवादवाहन

(d) पशुपालन

31. "पूर्ति अपने माँग का सृजन स्वयं करती है।" किनका कथन है ?

(a) रिकार्डो

(b) जे. बी. से

(c) एडम स्मिथ

(d) मार्शल

BiharboardQuestionpaper.com

32. यदि किसी ब्रेड का बाजार मूल्य 75 रुपये है और उसे बनाने में 50 रुपये मूल्य का गेहूँ एवं अन्य मध्यवर्ती वस्तुएँ प्रयुक्त हुई हों तो बेकर (ब्रेड बनाने वाला) का मूल्यवर्धित क्या होगा ?

(a) 50 रुपये

(b) 75 रुपये

(c) 25 रुपये

(d) 100 रुपये

33. गुणक निर्भर करता है

(a) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) पर

(b) सीमान्त बचत प्रवृत्ति (MPS) पर

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

34. गुणक का कौन-सा सूत्र सही है ?

(a) गुणक = $\frac{1}{1-\text{सीमान्त उपभोग प्रवृति}}$

(b) गुणक = $\frac{1}{2-\text{सीमान्त उपभोग प्रवृति}}$

(c) गुणक = $\frac{1}{2+\text{सीमान्त उपभोग प्रवृति}}$

(d) इनमें से सभी

35. गुणक को निम्नलिखित में किस सूत्र द्वारा व्यक्त किया जा सकता है ?

(a) $K = \frac{\Delta S}{\Delta I}$

(b) $K = \frac{\Delta Y}{\Delta I}$

(c) K = ΔY + AI

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

36. प्रभावपूर्ण माँग निर्भर करता है।

(a) समग्र माँग पर

(b) समग्र पूर्ति पर

(c) (a) और (b) दोनों पर

(d) इनमें से कोई नहीं

37. निम्नांकित में से किस पर तरलता अधिमान निर्भर करता है ?

(a) लेन-देन उद्देश्य

(b) पूर्वापाय उद्देश्य

(c) सट्टा उद्देश्य

(d) इनमें से सभी पर

38. निवेश निर्भर करता है

(a) पूँजी की सीमान्त कुशलता पर

(b) ब्याज की दर पर

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

39. भारत में एक रुपया का नोट कौन निर्गमित करता है ?

(a) भारतीय रिजर्व बैंक

(b) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

(c) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

40. निम्नांकित में से कौन अप्रत्यक्ष कर है ?

(a) आयकर

(b) निगम कर

(c) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)

(d) धन कर

41. यदि मूल्य में परिवर्तन के बावजूद माँग की मात्रा में कोई परिवर्तन न हो तो इसमें होती है

(a) इकाई कीमत लोच

(b) अनंत कीमत लोच

(c) शून्य कीमत लोच

(d) इनमें से कोई नहीं

42. आधुनिक समष्टि अर्थशास्त्र का जनक किसे माना जाता है ?

(a) एडम स्मिथ

(b) मार्शल

(c) जे. एम. कीन्स

(d) हिक्स

43. सभी आर्थिक समस्याओं का प्रमुख कारण क्या है

(a) प्रचुरता

(b) सुविधा

(c) दुर्लभता

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

44. बाजार कीमत (MP) पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) बराबर होता है

(a) $GDP_{MP}$ + (टूर फूट)

(b) $GDP_{MP}$ + ह्रास (टूट-फूट)

(c) $GDP_{MP}$ ह्रास (टूट-फूट)

(d) $GDP_{MP}$ विदेश से प्राप्त शुद्ध (नियल) संसाधन आय

45. $GDP_{FC}$ = होता है

(a) $GDP_{MP}$ + निवल अप्रत्यक्ष कर

(b) $GDP_{MP}$ + सब्सिडी

(c) $GDP_{MP}$ - निवल अप्रत्यक्ष कर

(d) $GDP_{MP}$ - प्रत्यक्ष कर

46. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय आय मापने की विधि है ?

(a) उत्पाद विधि

(b) व्यय विधि

(c) आय विधि

(d) इनमें से सभी

47. निम्नांकित में से किसने राष्ट्रीय आय लेखांकन का प्रथम प्रयास किया ?

(a) गाडगिल

(b) कीन्स

(c) ग्रेगरी किंग

(d) साइमन कुजनेट्स

48. स्टॉक में निम्नांकित में से कौन सम्मिलित होता है ?

(a) धन

(b) मुद्रा की मात्रा

(c) भण्डारण गृह में रखे अनाज की मात्रा

(d) इनमें से सभी

49 विशुद्ध प्रतियोगिता की निम्न में से कौन-सी विशेषता है ?

(a) बाजार का पूर्ण ज्ञान

(b) साधनों की पूर्ण गतिशीलता

(c) वस्तु की एकरूपता

(d) इनमें से कोई नहीं

50. एक अर्थव्यवस्था में साल भर में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का बाजार मूल्य कहलाता है।

(a) सकल घेरलू उत्पाद (GDP)

(b) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP)

(c) राष्ट्रीय आय (NI)

(d) निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP)

51. निम्न में से कौन वस्तु सेवा कर (जीएसटी) के दायरे से बाहर है ?

(a) दस्तकारी

(b) कृषि उत्पाद

(c) रत्न और जेवर

(d) पेट्रोलियम उत्पाद

BiharboardQuestionpaper.com

52. वस्तुओं एवं सेवाओं के सामान्य कीमत स्तर में निरन्तर गिरावट को कहा जाता है

(a) स्फीति

(b) विस्फीति

(c) मुद्रास्फीतिजनक मंदी

(d) मंदी

53. विद्यमान पूँजी स्टॉक में टूट-फूट का समायोजन (मूल्य हास) क्यों किया जाता है ?

(a) पूँजी स्टॉक में अभिवृद्धि के लिए

(b) धारित पूँजी स्टॉक को बचाने के लिए

(c) पुरानी मशीन को नई मशीन से प्रतिस्थापन करने के लिए

(d) (b) एवं (c) दोनों

54. निम्न में कौन अप्रत्यक्ष कर नहीं है ?

(a) उत्पाद शुल्क

(b) संपत्ति कर

(c) सीमा शुल्क

(d) सेवा कर

55. बीमा क्षेत्र में 2021-22 के बजट में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की हिस्सेदारी की सीमा 49% से बढ़ाकर कितनी प्रस्तावित है ?

(a) 51%

(b) 75%

(c) 74%

(d) 70%

BiharboardQuestionpaper.com

56. नेशनल डेवलपमेन्ट काउन्सिल भारत में कब स्थापित हुई ?

(a) 1948

(b) 1950

(c) 1952

(d) 1960

57. स्थानापन्न वस्तुओं के लिए मांग की लोच होती है

(a) शून्य

(b) धनात्मक

(c) ऋणात्मक

(d) हमेशा इकाई से कम

58. बजट की अवधि क्या होती है ?

(a) वार्षिक

(b) दो वर्ष

(c) पाँच वर्ष

(d) दस वर्ष

59. राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) किससे प्रशासनिक समर्थन हासिल करती है ?.

(a) वित्त आयोग

(b) नीति आयोग

(c) प्रशासनिक सुधार आयोग

(d) सरकारिया आयोग

BiharboardQuestionpaper.com

60. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या होती है

(a) क्या उत्पादन किया जाय

(b) किस प्रकार उत्पादन किया जाय

(c) उत्पादित वस्तुओं का वितरण किस प्रकार किया जाय

(d) इनमें से सभी

61. निम्न में कौन निकट मुद्रा (नियर मनी) है?

(a) प्रतिभूति

(b) बॉण्ड

(c) बीमा पालिसी

(d) इनमें से सभी

62. मुद्रा के कौन-कौन कार्य प्रमुख हैं?

(a) प्राथमिक कार्य

(b) द्वितीयक या गौण कार्य

(c) आकस्मिक कार्य

(d) इनमें से सभी

63. निम्न में से कौन विधिग्राह्य मुद्रा है ?

(a) साख मुद्रा

(b) प्रचलित पत्र मुद्रा

(c) ड्राफ्ट

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

64. निम्न में से किस प्रणाली पर पत्र मुद्रा के निर्गमन की व्यवस्था आधारित है ?

(a) न्यूनतम कोष प्रणाली

(b) शत-प्रतिशत कोष प्रणाली

(c) आनुपातिक मिश्रित कोष प्रणाली

(d) इन सभी प्रणालीयों पर

65. पत्र मुद्रा मान या पत्र चलन मान में किस प्रकार की पत्र मुद्रा चलन में नहीं होती ?

(a) प्रतिनिधि पत्र मुद्रा

(b) परिवर्तनशील पत्र मुद्रा

(c) प्रादिष्ट पत्र मुद्रा

(d) अपरिवर्तनशील पत्र मुद्रा

66. श्रम के नियम के अनुसार निम्न में से कौन-सी मुद्रा अच्छी मुद्रा होगी ?

(a) ऐच्छिक मुद्रा

(b) प्रतीक मुद्रा

(c) प्रामाणिक मुद्रा

(d) इनमें से कोई नहीं

67. 'द परचेजिंग पावर ऑफ मनी (1911)' नामक पुस्तक के रचयिता कौन थे ?

(a) मार्शल

(b) इविंग फिशर

(c) पीगू

(d) कीन्स

BiharboardQuestionpaper.com

68. निम्न में से कौन सही समीकरण है ?

(a) $P = \frac{MV + M'V'}{T}$

(b) $P = \frac{MV + V'}{T}$

(c) $P = \frac{MV + M'}{TV'}$

(d) $P = \frac{MV + M'V'}{T + T}$

69. मुद्रा पूर्ति का नियमन कौन करता है ?

(a) भारत सरकार

(b) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

(c) वाणिज्य बैंक

(d) योजना आयोग

70. मुद्रा के आय सिद्धान्त के अनुसार मुद्रा का मूल्य किस पर आधारित है ?

(a) उपभोग

(b) आय

(c) आय, उपभोग तथा बचत

(d) इनमें से सभी

71. निम्नांकित में से कौन विश्व का प्राचीनतम केन्द्रीय बैंक है ?

(a) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

(b) फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ यूएसए

(c) बैंक डे फ्रान्स

(d) बैंक ऑफ इंग्लैण्ड

BiharboardQuestionpaper.com

72. भारत में केन्द्रीय बैंक का क्या नाम है ?

(a) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डि

(b) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

(c) बैंक ऑफ इण्डिया

(d) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

73. इम्पीरियल बैंक की स्थापना कब हुई ?

(a) 1920

(b) 1935

(c) 1949

(d) 1955

74. नरसिंहम समिति का प्रतिवेदन किसके सुधार से संबंधित है ?

(a) करारोपण में सुधार

(b) प्रशासनिक सुधार

(c) बैकिंग सुधार

(d) व्यापारिक सुधार

75. उपभोक्ता का संतुलन बिन्दु है

(a) सीमान्त उपयोगिता = मूल्य

(b) सीमान्त उपयोगिता < मूल्य

(c) सीमान्त उपयोगिता > मूल्य

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

76. MPC + MPS =?

(a) अनन्त (∞)

(b) 2

(c) 1

(d) शून्य

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

77. निम्नांकित में से गुणक $\frac{11}{-C}$ में C क्या है ?

(a) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति

(b) उपभोग का जीवन निर्वाह स्तर

(c) उपभोग

(d) इनमें से कोई नहीं

78. निम्नांकित में से किससे सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति को ज्ञात करते हैं ?

(a) MPC = $\frac{Y}{C}$

(b) MPC = $\frac{\Delta Y}{\Delta C}$

(c) MPC = $\frac{C}{Y}$

(d) MPC = $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$

79. पत्र- मुद्रा में निम्नांकित में से कौन-सा मूल्य अधिकतर होता है ?

(a) बाजार मूल्य

(b) अंकित मूल्य

(c) आन्तरिक मूल्य

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

80. यदि MPC = 0.5. तो गुणक (K) होगा

(a) $\frac{1}{2}$

(b) 1

(c) 2

(d) शून्य (0)

81. राष्ट्रीय आय में सम्मिलित है।

(a) लगान + मजदूरी + ब्याज

(b) लगान + मजदूरी + वेतन

(c) लगान + मजदूरी + वेतन + लाभ

(d) लगान + लाभ + ब्याज

82. निम्नलिखित में से कौन चक्रीय प्रवाह में सम्मिलित है ?

(a) मौद्रिक प्रवाह

(b) वास्तविक प्रवाह

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

83. उदासीनता वक्र की ढाल निम्नांकित में से किससे मापी जाती है ?

(a) बढ़ती सीमान्त प्रतिस्थापन दर

(b) सीमान्त रूपान्तरण दर

(c) सीमान्त प्रतिस्थापन दर

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

84. माँग की रेखा के खिसकने (माँग वक्र विस्थापन) का अर्थ है

(a) वस्तु के स्वयं के मूल्य में वृद्धि के कारण माँग में गिरावट

(b) वस्तु के स्वयं के मूल्य में गिरावट के कारण माँग में परिवर्तन

(c) आय में परिवर्तन के कारण माँग में परिवर्तन

(d) इनमें से कोई नहीं

85. निम्न में से कौन-सी जोड़ी स्थानापन्न वस्तुएँ इंगित करती हैं ?

(a) कलम और स्याही

(b) सेव और आलू

(c) चाय और कॉफी

(d) कार और पेट्रोल

86. कुल राष्ट्रीय आय में कुल जनसंख्या का भाग देने से ज्ञात होता है।

(a) निजी आय

(b) व्यय योग्य निजी आय

(c) प्रति व्यक्ति आय

(d) शुद्ध उपभोग्य आय

87. बजट रेखा दर्शाती है

(a) मूल्य अनुपात

(b) आय अनुपात

(c) लागत अनुपात

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

88. माँग की लोच का आशय है

(a) $\frac{\Delta q}{\Delta p} \frac{p}{q}$

(b) $\frac{\Delta p}{\Delta q} \times \frac{p}{q}$

(c) $\frac{\text{मूल्य में प्रतिशत परिवर्तनमाँग}}{\text{में प्रतिशत परिवर्तन}}$

(d) इनमें से कोई नहीं

89. किस प्रकार की फर्मों में दीर्घकाल में MC = MR = AC = AR होता है ?

(a) एकाधिकारी फर्म

(b) अल्पाधिकारी फर्म

(c) पूर्ण प्रतियोगी फर्म

(d) इनमें से कोई नहीं

90. आयताकार अतिपरवलय माँग वक्र के सभी बिन्दुओं पर माँग की लोच (ed) होती है

(a) इकाई के बराबर (ed = 1)

(b) शून्य (ed=0)

(c) इकाई से अधिक (ed>1)

(d) इकाई से कम (ed<1)

91. अगर एक देश के लिए विदेश से प्राप्त निवल साधन आय नकारात्मक है तब

(a) GDP = GNP

(b) GDP > GNP

(c) GDP < GNP

(d) GDP ≠ GNP

BiharboardQuestionpaper.com

92. दृश्य और अदृश्य मदों का व्यापार संबंधित होता है

(a) व्यापार संतुलन से

(b) भुगतान संतुलन से

(c) आर्थिक संतुलन से

(d) लाभ से

93. जब व्यापार संतुलन अनुकूल होता है तब सूत्र होता है

(a) X=M

(b) X>M

(c) X<M

(d) इनमें से कोई नहीं

94. विदेशी विनिमय दर ........ द्वारा निर्धारित होता है।

(a) विश्व बैंक

(b) देश की सरकार

(c) माँग और पूर्ति की शक्तियों

(d) मोल-जोल

95. "मुद्रा वही है जो मुद्रा का कार्य करती है।" किसने कहा है ?

(a) हार्टले विदर्स

(b) नैप

(c) क्राउथर

(d) कोलबार्न

BiharboardQuestionpaper.com

96. निम्नांकित में से कौन चालू खाता की मदें हैं ?

(a) दृश्य मदों का निर्यात

(b) दृश्य मदों का आयात

(c) पर्यटकों का व्यय

(d) इनमें से सभी

97. निम्नांकित में से कौन पूँजीगत खाता की मदें हैं ?

(a) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

(b) सरकारी लेन-देन

(c) निजी लेनदेन

(d) इनमें से सभी

98. मंदी में कौन-सा बजट वांछनीय है ?

(a) अतिरेक बजट

(b) घाटे का बजट

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

99. जब औसत लागत गिरती है तब निम्न में से कौन सम्बन्ध सत्य है ?

(a) AC = MC

(b) AC > MC

(c) AC < MC

(d) AC ≠ MC

BiharboardQuestionpaper.com

100. न्यून माँग को सुधारने का राजकोषीय उपाय क्या है ?

(a) हीनार्थ प्रबंधन

(b) सार्वजनिक ऋण मे कमी

(c) सार्वजनिक व्यय मे वृद्धि और करों मे कमी

(d) इनमें से सभी

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 30 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक उत्तर 40-50 शब्दों में लिखें-

1. माँग अनुसूची क्या है ?

2. सीमान्त उत्पाद और औसत उत्पाद से आपका क्या आशय है ?

3. उदासीनता वक्र की ढाल मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर क्यों होती है ?

4. सम सीमान्त उपयोगिता नियम की संक्षिप्त विवेचना करें।

5. रोजगार गुणक क्या है ?

6. मुद्रा विस्फीति क्या है ?

7. बैंक साख सृजन की सीमाओं का परीक्षण करें।

8. स्फीतिक अंतराल क्या है ?

9. व्यापार संतुलन और भुगतान संतुलन में क्या अंतर है ?

10. वस्तु विनिमय प्रणाली की सीमाओं का उल्लेख करें।

11. मुद्रा की परिभाषा दें।

12. माँग वक्र की प्रकृति का वर्णन करें।

13. तरलता पाश क्या है ?

14. प्रभावपूर्ण माँग का क्या आशय है ?

15. बाजार मूल्य को परिभाषित करें।

BiharboardQuestionpaper.com

16. प्रत्यक्ष कर के कौन-कौन गुण हैं ?

17. कर अपवंचन क्या है ?

18. गैरकर राजस्व के कौन-कौन प्रमुख स्रोत हैं ?

19. वस्तु और सेवाकर की कौन कौन-सी बाधायें हैं?

20. एकाधिकारी बाजार की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।

21. अंकित मूल्य और आंतरिक मूल्य में क्या अंतर है ?

22. समष्टि अर्थशास्त्र की दो विशेषताओं की विवेचना करें।

23. अर्थव्यवस्था की कौन-कौन-सी केन्द्रीय समस्यायें है ?

24. बैंकों में एनपीए (NPA) बढ़ने के कौन-कौन कारण है ?

25. पूँजीगत वस्तुएँ क्या हैं ?

26. साधन कीमत का क्या आशय है ?

27. माँग की लोच के प्रकारों को बताइए।

28. राजकोषीय नीति का क्या तात्पर्य है ?

29. पत्र मुद्रा निर्गत करने की कौन कौन-सी विधियाँ हैं ?

30. साख नियंत्रण की गुणात्मक विधियों को बताइए।

प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है। अपना उत्तर प्रत्येक 100-120 शब्दों में दें :

31. एकाधिकार के अन्तर्गत मूल्य कैसे निर्धारित होता है ?

32. माँग की लोच को कैसे मापा जा सकता है ?

33. माँग की रेखा ऊपर से नीचे बायें से दाहिनी ओर क्यों झुकी रहती है ?

34. औसत लागत (AC), सीमान्त लागत (MC) और कुल लागत (TC) में क्या संबंध है

35. राष्ट्रीय आय क्या है ? इसके महत्व का वर्णन करें।

BiharboardQuestionpaper.com

36. केन्द्रीय बैंक किस प्रकार साख पर नियंत्रण करते हैं ?

37. वस्तु एवं सेवा कर (GST) की मुख्य विशेषताओं का वर्णन करें।

38. सरकारी बजट से आपका क्या आशय है ? इसके कौन कौन से अवयव हैं ?

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..